Series : ZW6YX

SET ~ 2

प्रश्न-पत्र कोड **2/6/2**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

#

# हिन्दी (आधार)

# HINDI (Core)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **80***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) यह प्रश्न-पत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है।*

*(ii) **खण्ड क** में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।*

*(iii) **खण्ड ख** में पाठ्यपुस्तक अभिव्यक्ति और माध्यम से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(iv) **खण्ड ग** में पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(v) तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(vi) यथासंभव तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

## खण्ड क

## (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *8*

तपने के बाद वे भट्टे की समाधि से निकलीं
और एक वास्तुविद के स्वप्न में
विलीन हो गईं
घर एक ईंटों भरी अवधारणा है
जी बिल्कुल ठीक सुना आपने
मकान नहीं घर
जैसे घर में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता
सभी लोग करते हैं सब तरह के काम
एकदम ईंटों की तरह
जो होती हैं एक-दूसरे की पर्यायवाची
एक-दूसरे की बिल्कुल जुड़वाँ
वैसे ईंटें मेरे पाठ्यक्रम में थीं
लेकिन जब वे घर बनाने आईं
तो पाठ्यक्रम से ही बाहर था उनका हर दृश्य
ईंटों के चट्टे की छाया में
तीन ईंटें थीं एक मज़दूरनी का चूल्हा
एक उसके थके हुए सिर के नीचे लगी थी
बाद में जो लगने से बच गईं
उनको तो करने थे और बड़े काम
बक्सों-अलमारियों को सीलन से बचाना था
टूटे हुए पायों को थामना था
ऊँची जगहों तक पहुँचने के लिए
बच्चों का क़द
ईंटों को ही बढ़ाना था
हम चाहते हैं ईंटें हों सुडौल
रंगत हो सुर्ख़
बोली में धातुओं की खनक
फिर दाम भी हों मुनासिब

(i) तपने के बाद ईंटों के साथ क्या हुआ ? *1*

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन I : ईंटें भट्टे में समाधिस्थ ही रहीं।

कथन II : ईंटें भट्टे में ही विलीन हो गईं।

कथन III : ईंटें भवन-निर्माता के सपनों को आकार देने लग गईं।

कथन IV : ईंटें भट्टे से बाहर निकल आईं।

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**विकल्प :**

(A) केवल कथन I सही है।

(B) केवल कथन IV सही है।

(C) केवल कथन I और III सही हैं।

(D) केवल कथन III और IV सही हैं।

(ii) पाठ्यक्रम से इतर ईंटों का बाहरी दृश्य क्या था ? *1*

(A) भवन-निर्माण सामग्री के रूप में उपयोग आना

(B) बच्चों के खेल-कूद की सामग्री के रूप में काम आना

(C) तपने के लिए भट्टे की अग्नि को सहन करना

(D) मज़दूरों के दैनिक जीवन की आवश्यकताओं में काम आना

(iii) 'फिर दाम भी हों मुनासिब' – पंक्ति के माध्यम से मानव स्वभाव की किस विशेषता का पता चलता है ? *1*

(A) कम दाम में गुणवत्तापूर्ण वस्तु खरीदना

(B) वस्तु खरीदते समय मोल-भाव करना

(C) उचित मूल्य देकर ही वस्तु खरीदना

(D) वस्तु खरीदने से पहले जेब टटोलना

(iv) मज़दूरनी ने ईंटों का उपयोग कैसे किया ? *1*

(v) गृह-निर्माण के पश्चात् बची ईंटों के साथ क्या हुआ ? *2*

(vi) 'घर को ईंटों भरी अवधारणा' किस आधार पर कहा गया है ? *2*

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *10*

बालमन तकनीक के जाल में बुरी तरह उलझ गया है। खेल, सूचनाएँ, अध्ययन से जुड़ी सामग्री, विद्यालयी गतिविधियों की जानकारियाँ और मित्रता तक सब कुछ बच्चे तकनीकी संसाधनों के माध्यम से ले रहे हैं। तकनीक के सीमित क्षेत्र में मासूम मन ने अपनी एक अलग दुनिया बना ली है। पल-पल अवतरित होती सामग्री बालमन को बहला ही नहीं, भटका भी रही है। हर तरह के रंग लिए इस सामग्री में रमे बच्चों को कोई हिदायत या अभिभावकों की सहज सलाह भी स्वीकार नहीं। इन माध्यमों ने बच्चों की मासूमियत ही नहीं समझ भी छीन ली है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मोबाइल गेमिंग की लत को एक डिसऑर्डर माना है। इस आभासी व्यस्तता के कारण एकाग्रता के साथ-साथ बच्चों की बाल सुलभ रचनात्मकता भी खो रही है। गेमिंग की लत के कारण शारीरिक गतिविधियाँ घटने से बच्चों को मोटापा, आलस और अनिद्रा की समस्याएँ घेर रही हैं। एम्स के चिकित्सकों के अनुसार हमारे यहाँ 2050 तक लगभग 40 से 45 फीसदी बच्चे मायोपिया का शिकार हो जाएँगे।

बच्चों की इस बदलती दुनिया में अभिभावकों का समय रहते चेतना आवश्यक है। बच्चों और बड़ों के बीच नियमित संवाद ज़रूरी है। घर का माहौल बदलना और माता-पिता का भी स्मार्टफोन की चकाचौंध से दूर रहना पहला क़दम है। मोबाइल फोन की लत के शिकार बच्चों को धीरे-धीरे संयम के साथ सहज जीवन की ओर मोड़ना होगा। बीते दिनों फ्रांस में स्नायु विज्ञानी, मनोवैज्ञानिक और अन्य विशेषज्ञों की समिति ने अपनी रिपोर्ट में सिफ़ारिश की है कि बच्चों को तेरह वर्ष की आयु तक स्मार्टफोन का प्रयोग नहीं करने देना चाहिए और 18 वर्ष की आयु तक सोशल मीडिया मंचों के प्रयोग पर भी पूरी तरह रोक लगा देनी चाहिए। तकनीक के इस जाल में उलझने से बचाने या उलझने के बाद फिर सहज जीवन से जोड़ने का पहलू हो, दोनों मोर्चों पर माता-पिता का संयमित और समझ भरा बर्ताव बच्चों का जीवन सहेज सकता है।

(i) वर्तमान समय में बालमन किसमें उलझा हुआ है ? *1*

(A) खेलकूद के जाल में

(B) परीक्षाओं की तैयारी में

(C) तकनीक के जाल में

(D) आभासी मित्रों के जाल में

(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कर लिखिए : 1

*कथन :* आभासी दुनिया में रमे बच्चों को बड़ों की सहज सलाह भी स्वीकार्य नहीं है।

*कारण :* तकनीकी संसाधनों ने बच्चों की मासूमियत के साथ-साथ उनके सोचने समझने की शक्ति को भी प्रभावित किया है।

**विकल्प :**

(A) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कारण सही है, किंतु कथन ग़लत है।

(C) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन I : तकनीकी सामग्री से बालमन भटक रहा है।

कथन II : तकनीकी सामग्री का बच्चों की मासूमियत पर कोई असर नहीं पड़ता।

कथन III : तकनीकी सामग्री के कारण बच्चे कुशाग्र बुद्धि बन रहे हैं।

कथन IV : तकनीकी सामग्री के कारण बच्चों की एक अलग दुनिया बन चुकी है।

गद्यांश के अनुसार कौन-से कथन सही हैं ? 1

(A) केवल कथन I, II और III सही हैं।

(B) केवल कथन II और III सही हैं।

(C) केवल कथन I, II और IV सही हैं।

(D) केवल कथन I और IV सही हैं।

(iv) तकनीकी संसाधनों की महत्ता संबंधी कोई दो बिंदु लिखिए। 1

(v) मोबाइल गेमिंग का बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ? 2

(vi) आभासी दुनिया के दुष्प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिए अभिभावकों को क्या-क्या कदम उठाने चाहिए ? 2

(vii) फ्रांस में विभिन्न विषय विशेषज्ञों की समिति ने आभासी दुनिया से संबंधित रिपोर्ट में कौन-कौन सी सिफारिशें की हैं ? 2

## खण्ड ख

### (अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न )

**3.** निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : *6*

(i) मोबाइल फोन विहीन दुनिया

(ii) सरकारी अस्पतालों में बढ़ती सुविधाएँ

(iii) घर की बैठक (ड्राइंग रूम) में सजा नया एल.ई.डी.

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *4×2=8*

(i) 'ड्राई-एंकर' से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'संपादक के नाम पत्र' का क्या महत्त्व है ?

(iii) खोजी पत्रकारिता का आशय स्पष्ट कीजिए। इसका उपयोग कहाँ किया जाता है ?

(iv) कहानी और नाटक में मुख्य अंतर क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

(v) रटंत को बुरी लत क्यों कहा जाता है ?

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(i) टेलीविज़न का जन संचार माध्यमों में महत्त्व बताते हुए इसकी दो ख़ूबियों और दो ख़ामियों पर प्रकाश डालिए।

(ii) पत्रकारिता जगत में विचारपरक लेखन से क्या अभिप्राय है ? इसकी श्रेणी में किन-किन सामग्रियों को सम्मिलित किया जाता है ? किन्हीं दो का संक्षिप्त परिचय भी लिखिए।

(iii) खेल पृष्ठ के बिना किसी समाचार-पत्र को संपूर्ण समाचार-पत्र क्यों नहीं माना जाता ?

## खण्ड ग

## (पाठ्य-पुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित प्रश्न)

**6.** निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास
पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास
जब वे दौड़ते हैं बेसुध
छतों को भी नरम बनाते हुए
दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए
जब वे पेंग भरते हुए चले आते हैं
डाल की तरह लचीले वेग से अकसर
छतों के ख़तरनाक किनारों तक –
उस समय गिरने से बचाता है उन्हें
सिर्फ़ उनके ही रोमांचित शरीर का संगीत
पतंगों की धड़कती ऊँचाइयाँ उन्हें थाम लेती हैं
महज़ एक धागे के सहारे
पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं
अपने रंध्रों के सहारे

(i) बच्चों के लिए 'कपास' किस संदर्भ में प्रयुक्त हुआ है ?

(A) बच्चों की निर्मलता के लिए
(B) बच्चों की पवित्रता के लिए
(C) बच्चों की उज्ज्वलता के लिए
(D) बच्चों की कोमलता के लिए

(ii) बच्चे किस तरह दौड़ते हैं ?

(A) बहुत तेज़ गति से
(B) बहुत धीमी गति से
(C) बेसुध होकर
(D) प्रतिस्पर्धी होकर

(iii) बच्चों के 'बेचैन पैर' प्रतीकार्थ हैं – उनकी :

(A) भावुकता
(B) स्थिरता
(C) चंचलता
(D) अस्वस्थता

(iv) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* आसमान में उड़ती पतंग बच्चों की उमंगों का रंग-बिरंगा सपना है।

*कारण :* पतंग ऊँचाइयों की वे हदें हैं, जिन्हें बालमन छूना चाहता है, उसके पार जाना चाहता है।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, कारण ग़लत है।
(B) कथन सही नहीं है, कारण सही है।
(C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।
(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(v) बच्चों को छतों के किनारों से गिरने से कौन बचाता है ?

(A) बच्चों के रोमांचित हृदय का संगीत
(B) बच्चों के रोमांचित शरीर का संगीत
(C) बच्चों के रोमांचित हाथों का संगीत
(D) बच्चों के रोमांचित पैरों का संगीत

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(i) 'बात सीधी थी पर' कविता के संदर्भ में लिखिए कि तथाकथित प्रबुद्ध जन भाषा को सहूलियत से बरतने में नाकाम क्यों रहते हैं। इसके क्या दुष्परिणाम होते हैं ?

(ii) 'आत्मपरिचय' कविता में कवि के कथन – 'शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ' का विरोधाभास स्पष्ट कीजिए।

(iii) रुबाइयों के आधार पर घर-आँगन में दीवाली और राखी के दृश्यबिंब को अपने शब्दों में लिखिए।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(i) 'छोटा मेरा खेत' कविता में 'अंधड़' और 'बीज' का प्रयोग किस रूप में किया गया है ?

(ii) सूर्योदय से पूर्व आकाश में किस तरह के परिवर्तन दिखलाई पड़ते हैं ? 'उषा' कविता के आधार पर लिखिए।

(iii) 'बादल राग' कविता के आधार पर लिखिए कि धरती के भीतर सोए अंकुर बादलों को क्यों और कैसे पुकार रहे हैं ?

**9.** निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

बाज़ार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है। और जो नहीं जानते कि वे क्या चाहते हैं, अपनी 'पर्चेजिंग पावर' के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति, शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाज़ार को देते हैं। न तो वे बाज़ार से लाभ उठा सकते हैं, न उस बाज़ार को सच्चा लाभ दे सकते हैं। वे लोग बाज़ार का बाज़ारूपन बढ़ाते हैं। जिसका मतलब है कि कपट बढ़ाते हैं। कपट की बढ़ती का अर्थ परस्पर में सद्‌भाव की घटी। इस सद्‌भाव के ह्रास पर आदमी आपस में भाई-भाई और सुहृद और पड़ोसी फिर रह ही नहीं जाते हैं और आपस में कोरे ग्राहक और बेचक की तरह व्यवहार करते हैं। मानों एक-दूसरे को ठगने की घात में हों।

(i) बाज़ार को सार्थकता कौन प्रदान करता है ?

(A) जिसे अपनी जरूरतों का पता हो।

(B) जो अपनी चाह से अज्ञात हो।

(C) जिसके पास अकूत धन हो।

(D) जिसके पास सीमित धन हो।

(ii) 'पर्चेजिंग पावर' का गर्व किन लोगों को होता है ?

(A) उचित मोल भाव कर खरीददारी करने वालों को

(B) धैर्य और संयम के साथ खरीददारी करने वालों को

(C) बाज़ार के फैले जाल का लाभ उठाने वालों को

(D) धन के मद में अनावश्यक खरीददारी करने वालों को

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए गद्यांश के अनुसार सही कथन को चयनित कर लिखिए :

(A) पर्चेजिंग पावर का गर्व बाज़ार को सार्थक शक्ति देता है।

(B) पर्चेजिंग पावर का गर्व बाज़ार को विनाशक शक्ति देता है।

(C) पर्चेजिंग पावर का गर्व बाज़ार को नियामक शक्ति देता है।

(D) पर्चेजिंग पावर का गर्व बाज़ार को सच्चा लाभ प्रदान करता है।

(iv) 'वे लोग बाज़ार का बाज़ारूपन बढ़ाते हैं।' कथन में 'बाज़ारूपन' से क्या अभिप्राय है ?

(A) चकाचौंध

(B) छल-कपट

(C) सार्थकता

(D) सद्व्यवहार

(v) बाज़ार के बाज़ारूपन बढ़ने के परिणामों के विषय में क्या असत्य है ?

(A) लोगों की आवश्यकता का शोषण होने लगता है।

(B) बाज़ार की सार्थकता समाप्त हो कपट को बढ़ावा मिलता है।

(C) ग्राहक और बेचक के बीच सद्व्यवहार घटने लगता है।

(D) ग्राहक और बेचक दोनों बाज़ार से सच्चा लाभ उठाते हैं।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(i) भक्तिन द्वारा चौके में खींची गई कोयले की रेखा महादेवी जी के लिए लक्ष्मण के धनुष से खींची हुई रेखा के समान दुर्लंघ्य क्यों हो उठी ?

(ii) 'पहलवान की ढोलक' पाठ में महामारी से ग्रसित गाँव की असहाय स्थिति का वर्णन किया गया है। वर्तमान समय में ऐसी स्थिति आने पर उससे कैसे निपटा जाता है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'शिरीष के फूल' निबंध के आधार पर शिरीष के अवधूत रूप को देखकर लेखक के मन में उठी तरंगों के द्वंद्व को स्पष्ट कीजिए।

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(i) 'श्रम-विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ के आधार पर लिखिए कि मनुष्य को व्यवसाय बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ती है और इसकी अनुमति न होने के क्या दुष्परिणाम सामने आते हैं ?

(ii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में मेंढक मंडली पर पानी फेंके जाने को आप त्याग की श्रेणी में रखेंगे या जल की बर्बादी की श्रेणी में ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

(iii) केवल बाज़ार का पोषण करने वाले अर्थशास्त्र को लेखक ने अनीतिशास्त्र क्यों कहा है ? बाज़ार दर्शन पाठ के आधार पर लिखिए।

**12.** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए : *2×5=10*

(i) 'सिल्वर वैडिंग' पाठ में यशोधर बाबू बार-बार किशनदा को क्यों याद करते हैं ? इसे आप उनका सामर्थ्य मानते हैं या कमजोरी ? विस्तारपूर्वक लिखिए।

(ii) 'जूझ' कहानी के संदर्भ में पारंपरिक पैतृक व्यवसायों के प्रति युवा पीढ़ी की विरक्ति के कारणों की समीक्षा कीजिए।

(iii) ''मुअनजो-दड़ो का अजायबघर आकार में छोटा है और सामान भी मुट्ठी भर है, फिर भी जो कुछ उपलब्ध है वह सिंधु सभ्यता की झलक दिखाने को काफ़ी है।'' इस कथन की पुष्टि पाठ के आधार पर कीजिए।

<u>**अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु**</u>

# सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2025

## अंक-योजना

## हिंदी ‘आधार’ विषय कोड—302

## प्रश्न-पत्र कोड-- 2/6/1, 2/6/2, 2/6/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है । इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा-प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है । इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना BNS के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है ।

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ, जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (X) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है, परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. पूर्णतः गलत उत्तर को काटकर शून्य (0) अंक दें । एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो, तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में, अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ पर की गई प्रविष्टि सही हो तथा प्राप्तांकों को अंकों और शब्दों दोनों में लिखें।

14. परीक्षार्थी निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के अधिकारी हैं । अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए ।

## Series ZW6YX प्रश्न-पत्र कोड 2/6/1, 2/6/2, 2/6/3

## अंक योजना

## हिंदी 'आधार'(302)

| प्रश्न सं. | 2/6/1 | 2/6/2 | 2/6/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड - क**<br>**(अपठित बोध)** | (18) |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न - | (10) |
| | (i) | (i) | (i) | (C) तकनीक के जाल में | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) केवल कथन I और IV सही हैं। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | • ज्ञान-विज्ञान और मनोरंजन का साधन<br>• सूचनाओं के आदान-प्रदान का माध्यम | ½ +½ |
| | (v) | (v) | (v) | • एकाग्रता और बालसुलभ रचनात्मकता का खो जाना<br>• शारीरिक गतिविधियाँ घटने के कारण मोटापा, आलस्य और अनिद्रा जैसी समस्याओं का बढ़ना | 2 |
| | (vi) | (vi) | (vi) | • बच्चों से नियमित संवाद करना<br>• घर का माहौल बदलना<br>• स्वयं भी स्मार्टफोन की चकाचौंध से दूर रहना<br>• बच्चों को संयम के साथ सहज जीवन की ओर मोड़ना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | (vii) | (vii) | (vii) | • 13 वर्ष की आयु तक के बच्चों को स्मार्टफोन का प्रयोग न करने देना<br>• सोशल मीडिया के मंचों के प्रयोग पर 18 वर्ष की आयु तक पूरी तरह रोक | 2 |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **अपठित पद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न - | (8) |
| | (i) | (i) | (i) | (D) केवल कथन III और IV सही हैं। | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) मज़दूरों के दैनिक जीवन की आवश्यकताओं में काम आना | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (A) कम दाम में गुणवत्तापूर्ण वस्तु खरीदना | 1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (iv) | (iv) | (iv) | • तीन ईंटों से चूल्हा बनाकर और एक ईंट से थके सिर को सहारा देकर | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | • बक्सों और अलमारियों के टूटे पायों को थामने और सीलन से बचाने के लिए<br>• बच्चों द्वारा ऊँची जगहों तक पहुँच बनाने के लिए | 2 |
| | (vi) | (vi) | (vi) | • रूपाकार की समानता के कारण<br>• एक-दूसरे के पूरक रूप के कारण | 2 |
| | | | | **खंड – ख**<br>**(अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)** | (22) |
| **3** | **3** | 3 | 3 | दिए गए विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख-<br>• आरंभ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | 6**x**1= 6 |
| **4** | **4** | **4** | **4** | किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में अपेक्षित- | (4**x**2 =8) |
| | (i) | (i) | (i) | • एंकर द्वारा खबर के बारे में दर्शकों को सीधे-सीधे बताना कि कहाँ, क्या, कब और कैसे हुआ<br>• दृश्य न आने तक रिपोर्टर से मिली जानकारी पर आधारित सूचनाएँ दर्शकों तक पहुँचाना | 2 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | • पाठकों द्वारा अपनी राय व्यक्त करना<br>• मुद्दों और समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करना<br>• नए लेखकों के लिए लेखन का अवसर<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (iii) | (iii) | (iii) | आशय-<br>● मौलिक शोध और छानबीन के द्वारा किसी भी घटना, समस्या या मुद्दों से जुड़ी ऐसी सूचनाएँ या तथ्य सामने लाना, जो पहले से उपलब्ध न हों<br>उपयोग-<br>● सरकारी-गैर सरकारी संस्थानों के बीच चल रही अनियमितताओं, गड़बड़ियों को उजागर करने में | 1+1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | ● कहानी – केवल लेखक और पाठक से सीधे जुड़ाव<br>नाटक - लेखक, निर्देशक, पात्र, दर्शक, श्रोता तथा अन्य से भी जुड़ाव<br>● कहानी में केवल कहने, पढ़ने की सुविधा<br>नाटक में मंचन की सुविधा भी | 2 |
| | (v) | (v) | (v) | ● मौलिक विचारों को प्रस्तुत करने की आदत विकसित न हो पाना<br>● दूसरों पर निर्भर हो जाना<br>● अभ्यास या रियाज़ का अवसर न मिलना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| **5** | **5** | 5 | 5 | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में अपेक्षित- | (2**x**4 =8) |
| | (i) | - | - | ● साफ-सुथरी और टंकित कॉपी, जिसे वाचक/वाचिका बिना किसी बाधा के पढ़ सकें<br>● डबल स्पेस में लिखा जाना<br>● कठिन और लंबे शब्दों का प्रयोग वर्जित<br>● एक से 10 तक के अंकों को शब्दों में, 11 से 999 तक अंकों में तथा उससे आगे शब्दों में लिखना<br>● संक्षिप्ताक्षरों के प्रयोग से बचना<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | 4 |
| | (ii) | - | - | पत्रकारीय लेखन -<br>● समाचार पत्र-पत्रिकाओं द्वारा पाठकों तक सूचनाएँ पहुँचाने हेतु लेखन<br>● पाठकों को जागरूक करने और उनके मनोरंजन के उद्देश्य से किए गए विभिन्न प्रकार के लेखन | 1+3 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>पत्रकारों के प्रकार – तीन<br>● पूर्णकालिक – नियमित वेतनभोगी<br>● अंशकालिक – निश्चित मानदेय<br>● फ्रीलासंर (स्वतंत्र पत्रकार) – भुगतान के आधार पर | |
| (iii) | - | - | | अंतर-<br>● बीट रिपोर्टिंग- ज्ञान एवं रुचि के आधार पर संवाददाताओं के बीच काम का बँटवारा<br>● विशेषीकृत रिपोर्टिंग – सामान्य खबरों से आगे बढ़कर विशेषता आधारित रिपोर्टिंग, मुद्दों और समस्याओं का विश्लेषणात्मक प्रस्तुतिकरण, घटना के पीछे के कारण और उसके प्रभाव का वर्णन<br>उदाहरण -<br>● सोने की माँग में भारी गिरावट आने पर बीट रिपोर्टर द्वारा उसकी एक तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार करना, जबकि विशेषीकृत रिपोर्टर द्वारा गिरावट के कारणों और बाज़ार पर पड़ने वाले प्रभावों को भी स्पष्ट करना | 2+2 |
| - | (i) | - | | महत्त्व-<br>● प्रभावी दृश्य-श्रव्य माध्यम<br>● सजीव दृश्यों के माध्यम से समाचारों में जीवंतता का अहसास<br>खूबियाँ -<br>● सीधी और पुष्ट ख़बर दर्शकों को दिखाया जाना<br>● ब्रेकिंग न्यूज़ को तत्काल दर्शकों तक पहुँचाया जाना<br>● कम शब्दों में अधिक दिखाया जाना आदि<br>खामियाँ -<br>● महँगा साधन<br>● बिजली तथा अन्य साधनों पर निर्भरता<br>● निश्चित स्थान पर ही उपलब्ध आदि | 1+<br>1½+<br>1½ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (ii) | - | अभिप्राय-<br>● अख़बारों में संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित होने वाले संपादकीय, लेख, आलेख और टिप्पणियाँ<br>सामग्री-<br>● संपादकीय, स्तंभ लेखन, संपादक के नाम पत्र, आलेख, फ़ीचर, साक्षात्कार आदि<br>संक्षिप्त परिचय-<br>(परीक्षार्थी द्वारा किन्हीं दो का संक्षिप्त परिचय अपेक्षित) | 1+1+2 |
| | - | (iii) | - | ● अधिकतर लोगों की खेलों में रुचि<br>● खेल व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा का वाहक<br>● जीवन में व्यस्तता के बावजूद खेलों में दिलचस्पी बने रहना<br>● वर्तमान समय में अपराध या घोटालों से जुड़े समाचारों के बीच, खेल स्वस्थ और ताज़गी प्रदान करने में सहायक<br>● वर्तमान समय में खिलाड़ियों और पत्रकारों के लिए खेल जगत में भविष्य की असीम संभावनाएँ<br>● खेलों के माध्यम से राष्ट्रीयता की भावना का विकास<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | 4 |
| | - | - | (i) | इंटरनेट पत्रकारिता -<br>● डिजिटल प्लेटफॉर्म पर समाचार पत्रों का प्रकाशन तथा समाचारों का आदान-प्रदान<br>स्वरुप –<br>● चौबीसों घंटे वैश्विक उपलब्धता के साथ अपडेशन की सुविधा<br>इतिहास-<br>● तीन दौर – प्रथम (1982 – 92), द्वितीय (1993 – 2001) और तृतीय (2002 से अब तक)<br>● भारत में इंटरनेट का आरम्भ 1993 में<br>● भारत में प्रथम विशुद्ध इंटरनेट पत्रकारिता – तहलका डॉट कॉम<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1+2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (ii) | कैसे-<br>● उल्टा पिरामिड शैली में<br>● छह ककार - क्या, कौन, कब, कहाँ, कैसे और क्यों के उत्तर समाहित<br>महत्त्वपूर्ण बातें-<br>● सामान्य बोलचाल के शब्दों के साथ भाषा सरल और स्पष्ट<br>● छोटे वाक्यों का प्रयोग<br>● अनावश्यक दोहराव एवं द्विअर्थी शब्दों का प्रयोग वर्जित<br>● भ्रामक तथ्यों के प्रयोग से बचना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2+2 |
| | - | - | (iii) | ● जीवन का मूल आधार<br>● आर्थिक जगत के उतार-चढ़ाव के बारे में जानकारी और विश्लेषण<br>● विशेष पाठकों के साथ ही जन-सामान्य को भी आर्थिक शब्दावली से परिचित करवाना<br>(कथन के पक्ष या विपक्ष में परीक्षार्थी के उचित एवं तर्कपूर्ण उत्तर स्वीकार्य) | 4 |
| | | | | **खंड – ग**<br>**(पाठ्य पुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित)** | (40) |
| **6** | **6** | **6** | **6** | **'पठित काव्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर - | (**5x**1 =5) |
| | (i) | (i) | (i) | (D) बच्चों की कोमलता के लिए | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (C) बेसुध होकर | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) चंचलता | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (B) बच्चों के रोमांचित शरीर का संगीत | 1 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | **'पद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 60 शब्दों में) – | (**2x**3 =6) |
| | (i) | - | - | ● संसार से कवि का संबंध खट्टा-मीठा<br>● संसार का स्वार्थी लगना<br>● जीवन पर जग का बहुत भार होने पर भी विचलित न होकर अपने जीवन में असीम प्यार लिए घूमना | 3 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ● हृदयहीन और अपूर्ण लगने पर भी संसार को मस्ती का संदेश देने की चाह<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | |
| | (ii) | - | - | ● कविता का भावों, विचारों और शब्दों से तथा बच्चों का विभिन्न उपकरणों से खेलना<br>● कविता में कल्पना की असीमित उड़ान, बच्चों के सपनों की भी सीमा न होना<br>● कविता में अर्थ की व्यापक संभावनाएँ, बच्चों के खेल में उमंग, उत्साह, भविष्य, विकास की असीम संभावनाएँ<br>● दोनों ही अपने-पराए, ऊँच-नीच, अमीर-गरीब की भावना से रहित<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | (iii) | - | - | तत्कालीन सामाजिक और आर्थिक स्थिति-<br>● जातिगत विषमता<br>● नैतिक मूल्यों का ह्रास<br>● अमीर और ग़रीब के बीच गहरी खाई<br>● भुखमरी और बेरोजगारी<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित)<br>वर्तमान में सुधार के प्रयास -<br>● संवैधानिक एवं कानूनी प्रावधानों के माध्यम से सामाजिक विषमताओं को समाप्त करने का प्रयास<br>● विविध कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से बेरोजगारी, भुखमरी जैसी समस्याओं के निवारण का प्रयास<br>● स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार के प्रयास आदि | 1½+<br>1½ |
| | - | (i) | - | क्यों-<br>● पांडित्य प्रदर्शित करने के चक्कर में<br>दुष्परिणाम-<br>● जनसामान्य की समझ में न आना<br>● कथ्य का प्रभावहीन हो जाना<br>● शब्दों के आडंबरपूर्ण जाल में उलझ कर रह जाना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (ii) | - | • शीतल वाणी - विनम्रता, मृदुता, सौम्यता<br>• आग लिए फिरना- आक्रोश, असंतोष, विद्रोह<br>दोनों का एक साथ आना ही विरोधाभास का परिचायक | 1½+<br>1½ |
| | - | (iii) | - | दीवाली –<br>• घर आँगन सजे-धजे, साफ-सुथरे चीनी मिट्टी के सुंदर जगमगाते दीयों और खिलौनों से अत्यंत मनोहारी लगना<br>• बच्चे की प्रसन्नता और उत्साह देखकर माँ के चेहरे का दमकना<br>राखी-<br>• घटाओं में चमकती बिजली के समान भाई की कलाई पर राखी के लच्छों का चमकना<br>• आसमान में हल्की-हल्की घटाओं का छाना | 1½+<br>1½ |
| | - | - | (i) | आशय –<br>• अपनों से मिलने की आकांक्षा, उत्कंठा, उनके संग-साथ का, जीवन को गति, सार्थकता और जीवंतता प्रदान करना<br>पुष्टि-<br>• संध्या होते ही प्रतीक्षारत बच्चों से मिलने हेतु चिड़िया के पंखों में चंचलता आना<br>• एकाकी होने के कारण कवि की गति में शिथिलता | 1+2 |
| | - | - | (ii) | • चिड़िया और कविता दोनों का उड़ान भरना<br>• चिड़िया का पंखों के सहारे उड़ान भरना, कविता कल्पनाओं और भावनाओं की उड़ान<br>• चिड़िया की उड़ान सीमित, कविता में कल्पना की उड़ान असीमित | 3 |
| | - | - | (iii) | • व्यक्ति-विशेष की पीड़ा को व्यावसायिक उद्देश्य की पूर्ति हेतु लोगों तक पहुँचाने को अवसर मानना<br>• कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संवेदनहीन होना<br>• व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा में पत्रकारिता के सामाजिक दायित्वों की अवहेलना | 1+2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 8 | 8 | 8 | **'पद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 40 शब्दों में) – | (**2x**2 =4) |
| | (i) | (i) | (i) | • अंधड़ -भावनात्मक आँधी<br>• बीज - रचना, विचार और अभिव्यक्ति | **1+1** |
| | (ii) | (ii) | (ii) | • शंख के समान आकाश की नीलिमा<br>• राख से लीपे गीले चौके के समान<br>• लाल केसर से धुली सिल जैसा<br>• लाल खड़िया चाक से मली स्लेट<br>• नीले जल में गौर वर्ण-सी झिलमिलाती देह<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | क्यों-<br>• नवजीवन की आशा में, समाज में क्रांति लाने के लिए<br>कैसे-<br>• उत्साह और उमंग के साथ खिलखिलाकर हाथ हिलाते हुए | 1+1 |
| 9 | 9 | 9 | 9 | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर - | (**5x**1 =5) |
| | (i) | (i) | (i) | (A) जिसे अपनी जरूरतों का पता हो। | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) धन के मद में अनावश्यक खरीददारी करने वालों को | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (B) पर्चेजिंग पावर का गर्व बाज़ार को विनाशक शक्ति देता है। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (B) छल-कपट | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (D) ग्राहक और बेचक दोनों बाज़ार से सच्चा लाभ उठाते हैं। | 1 |
| **10** | **10** | 10 | 10 | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 60 शब्दों में) – | (**2x**3 **=6**) |
| | (i) | (i) | (i) | • छूत-पाक पर प्राण देने वाले, बात-बात पर भूखे मरने वाले लोगों का स्मरण करके<br>• भक्तिन की शंकाकुल दृष्टि में छिपे हुए निषेध का अनुभव करके<br>• भक्तिन की भावनाओं का मान रखने के लिए | 3 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (ii) | (ii) | (ii) | कैसे-<br>● वर्तमान समय में चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति<br>● नवीनतम तकनीक की मदद से बीमारी के लक्षणों को पहचानकर उसका इलाज<br>● टीकाकरण<br>● नि:शुल्क इलाज की सुविधा<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>उदाहरण - कोरोना महामारी<br>(उचित एवं तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 2+1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | ● बाह्य परिवर्तनों के बीच भी अविचलित बने रहना<br>● विपरीत परिस्थितियों के बीच भी सरस बने रहना<br>● कोमल और कठोर, दोनों भावों का एक साथ निर्वहन | 3 |
| 11 | 11 | 11 | 11 | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 40 शब्दों में) – | (**2x**2 =4) |
| | (i) | (i) | (i) | क्यों-<br>● उद्योग-धंधे, तकनीकी विकास और सम-सामयिक परिवर्तन के कारण<br>दुष्परिणाम-<br>● व्यक्तिगत रुचि और योग्यता के विरुद्ध किसी पेशे को अपनाने की बाध्यता<br>● बेरोजगारी व भुखमरी की स्थिति<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (उचित एवं तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 2 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | ● बाज़ारवाद को बढ़ावा देने के कारण<br>● कपट के बढ़ने और परस्पर सद्भाव घटने के कारण<br>● एक की हानि में दूसरे का लाभ देखने के कारण आदि<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | 12 | 12 | 12 | **'पूरक पाठ्य पुस्तक'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 100 शब्दों में) – | (**2x**5 =10) |
| | (i) | - | - | कारण-<br>● पारिवारिक मूल्यों में बदलाव<br>● संयुक्त परिवारों का टूटना<br>● पश्चिमी और आधुनिक संस्कृति के प्रति बढ़ता मोह<br>● उपभोक्तावादी दृष्टिकोण<br>● सूचना तकनीकी और मशीनीकरण<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>कैसे-<br>(उचित एवं तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 2+3 |
| | (ii) | - | - | क्यों-<br>● दिन-रात कठोर परिश्रम करने के बाद भी कृषि-कार्य में आमदनी का कम और अनिश्चित होना<br>● अच्छा, सुखपूर्ण जीवन जीने की चाह<br>(सहमति अथवा असहमति के लिए परीक्षार्थी के उचित एवं तर्कपूर्ण उत्तर स्वीकार्य) | 2+3 |
| | (iii) | - | - | ● नगर, भवन निर्माण एवं वास्तुकला का अनूठा उदाहरण<br>● सीधी या आड़ी सड़कें, सभा भवन, प्रशासनिक इमारतें, ज्ञानशाला, कोठार आदि का मिलना<br>● मुख्य सड़क पर घर के दरवाजे न खुलना<br>● सभी घरों का व्यवस्थित होना<br>● अधिकांश घरों का आकार तीस गुणा तीस फुट का<br>● पकी हुई ईंटों का प्रयोग<br>● जल-संग्रहण की उचित व्यवस्था<br>● जल-निकासी का उत्तम प्रबंध आदि<br>(कोई पाँच बिंदु अपेक्षित) | 5 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (i) | - | क्यों-<br>● यशोधर बाबू के आदर्श<br>● उनके व्यक्तित्त्व निर्माण में प्रभावी भूमिका<br>● परिवार से असंतुष्ट और असहज<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>सामर्थ्य अथवा कमजोरी -<br>(उचित एवं तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 2+3 |
| | - | (ii) | - | ● आमदनी का कम और अनिश्चित होना<br>● सुख-सुविधापूर्ण आधुनिक जीवन-शैली जीने की चाह<br>● समाज में मान-सम्मान और पहचान की चाह<br>(समीक्षा हेतु उचित एवं तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 5 |
| | - | (iii) | - | ● प्रदर्शित सामान- संपन्नता की झलक<br>● काले पड़े गेहूँ, पत्थर के औजार, बैलगाड़ी के साक्ष्य- खेतीहर सभ्यता का प्रमाण<br>● कंघी, कंगन, माला आदि - जीवन-शैली एवं सौंदर्य-प्रियता का परिचायक<br>● चित्रों से अंकित मिट्टी के बर्तन - कला-प्रियता का बोधक<br>● खिलौने, चौपड़ की गोटियाँ - खेल-प्रियता का संकेत<br>● हथियारों का न होना - शांतिप्रिय स्वयं अनुशासित सभ्यता का प्रतीक<br>(कोई पाँच बिंदु अपेक्षित) | 5 |
| | - | - | (i) | यशोधर बाबू का व्यक्तित्त्व-<br>● समय के पाबंद, परोपकारी प्रवृत्ति, परंपरा एवं संस्कारों से लगाव, सीमित साधनों में जीवन-यापन के हिमायती<br>● आधुनिकता से परहेज, स्त्री के पश्चिमी पहनावे के संबंध में संकीर्ण सोच, बच्चों के विचारों से तालमेल का अभाव<br>(उचित एवं तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 5 |
| | - | - | (ii) | ● पढ़ाई के साथ-साथ खेती-बाड़ी का काम भी करना<br>● व्यक्तित्व निर्माण और बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा के महत्त्व को समझना | 5 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (iii) | • समय के अनुकूल चलने की इच्छा<br>• सुख-सुविधापूर्ण जीवन की चाह<br>• खेती-बाड़ी में आमदनी कम और अनिश्चित<br><br>वर्णन-<br>• आकार छोटा, कस्बाई स्कूल की इमारत के समान<br>• प्रदर्शित सामान जैसे - काले पड़े गेहूँ, पत्थर के औजार किंतु हथियारों नहीं, बैलगाड़ी के साक्ष्य, कंघी, कंगन, माला, चित्रों से अंकित मिट्टी के बर्तन, खिलौने, चौपड़ की गोटियाँ आदि सिंधु सभ्यता की झलक<br>कदम –<br>• विभिन्न माध्यमों द्वारा विज्ञापन एवं जन-सामान्य में जिज्ञासा उत्पन्न करना<br>• पुरातत्त्वविदों, वैज्ञानिकों, इतिहासकारों एवं विशेषज्ञों की सहायता से संरक्षण<br>• उपलब्ध सामान की सुरक्षा के लिए उचित प्रबंध आदि | 2+3 |